24-25-03-2024

शर्करा संस्थान में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

पंकज अवस्थी, सच की अहमियत

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर द्वारा, ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन के तत्वावधान में में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के विद्यार्थियों सहित अधिकारीगण, कर्मचारीगण को परिवार के सदस्यों के साथ आमंत्रित किया गया। ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन के संयुक्त सचिव एस.के.त्रिवेदी द्वारा राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर के निदेशक प्रो. स्वाईन के स्वागत के साथ इस रंगारंग कार्यक्रम का आरम्भ हुआ। इस अवसर पर निदेशक प्रो. स्वाईन ने कहा कि होली यही संदेश देती है कि जीवन विविध रंगों से भरा हुआ है। प्रत्येक रंग का अपना महत्व है। सभी रंगों के सकारात्मक मेल से ही जीवन में सम्पूर्णता आती है। कवि गोष्ठी में हास्य व्यंग्य के क्षेत्र में लॉफ्टर चैनल के माध्यम से नगर का झण्डा फहराने वाले हेमंत पाण्डे सहित नगर में हास्य व्यंग्य के प्रमुख हस्ताक्षर श्रवण कुमार शुक्ल एवं दुर्गा वाजपेयी को आमंत्रित किया गया। होली मिलन समारोह में प्रो. जैव रसायन डॉ. सीमा परोहा सहित संजय चौहान, विनय कुमार,अनूप कनौजिया, बृजेश कुमार साहू, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. सुधांशु मोहन, अशोक गर्ग ,मिहिर मंडल आदि वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में शामिल एनएसआई के निदेशक प्रो. डी. स्वाईन व अन्य।

एनएसआई के होली मिलन समारोह में कविता पाठ पर गूंजे ठहाके

कानपुर, 24 मार्च। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। होली मिलन समारोह के साथ ही कवियों ने कविता पाठ किया तो खूब ठहाके गूंज उठे। कार्यक्रम में एनएसआई के निदेशक प्रो. डी. स्वाईन ने कहाकि होली पर्व जीवन में विविध रंगो से भरा हुआ है और प्रत्येक रंग का अपना महत्व है। सभी रंगों के सकारात्मक मेल से ही जीवन में सम्पूर्णता आती है। लाफ्टर चैनल के हेमंत पांडे, श्रवण कुमार, दुर्गा बाजपेयी आदि ने कविता पाठ किया। जिस सुनकरश्रोताओं ने खूब ठहाके लगाये। इससे पहले एसो. के संयुक्त सचिव एस.के. त्रिपाठी ने एनएसआई के निदेशक प्रो. डी. स्वाईन का स्वागत किया और रंगारंगा कार्यक्रम आरंभ हुआ। इस दौरान जैव रसायन, डा सीमा परोहा, संजय चौहान, विनय कुमार, अनूप कनौजिया, बृजेश कुमार, साहू, डा. अशोक कुमार, डा. सुधांशु मोहन, अशोक गर्ग, मिहिर मंडल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सहा. निदेशक श्रीमती मल्लिका द्विवेदी ने किया।

आज

Digital News

- राष्ट्रीय शर्करा संस्थान कानपुर द्वारा ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया
- होली की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन